# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की वर्ष 2026 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं निम्नांकित कार्यक्रमानुसार दो चरणों में उनके सम्मुख अंकित मण्डलों के अन्तर्गत आने वाले जनपदों में संचालित की जाएंगी:–

| प्रथम चरण– | मण्डल का नाम– |
|---|---|
| **24 जनवरी, 2026 से 01 फरवरी, 2026**<br>(**दिनांक 29 एवं 30 जनवरी, 2026 को छोड़कर** क्योंकि इन तिथियों में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (UP TET) की लिखित परीक्षा होने के दृष्टिगत अन्य परीक्षा का आयोजन न करने एवं विद्यालयों में शैक्षिक अवकाश घोषित किये जाने के निर्देश हैं) | **आगरा, सहारनपुर, बरेली, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट, अयोध्या, आजमगढ़, देवीपाटन तथा बस्ती** |
| **द्वितीय चरण–** | **मण्डल का नाम–** |
| **02 फरवरी, 2026 से 09 फरवरी, 2026** | **अलीगढ़, मेरठ, मुरादाबाद, कानपुर, प्रयागराज, मीरजापुर, वाराणसी तथा गोरखपुर** |

(1) प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सम्बन्ध में अन्य आवश्यक जानकारी तथा परीक्षकों की नियुक्ति आदि की सूचना परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। परीक्षाओं की शुचिता को बनाये रखने के उद्देश्य से प्रधानाचार्यों को प्रयोगात्मक परीक्षाएं सी0सी0टी0वी0 की निगरानी में सम्पादित कराना होगा, साथ ही परीक्षाओं के आयोजन की रिकार्डिंग सुरक्षित रखी जायेगी ताकि आवश्यकता के अनुरूप मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जा सके।

(2) हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं गत वर्ष की भांति विद्यालय स्तर पर आन्तरिक मूल्यांकन (प्रोजेक्ट कार्य) के आधार पर सम्पन्न करायी जायेंगी। हाईस्कूल के व्यक्तिगत परीक्षार्थी अपने अग्रसारण केन्द्र के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

(3) हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा (आन्तरिक मूल्यांकन), नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा तथा इण्टरमीडिएट की नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक विद्यालय के प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन अपलोड किये जायेंगे। प्राप्तांकों को अपलोड किये जाने हेतु दिनांकः 10 जनवरी, 2026 से वेबसाईट क्रियाशील हो जायेगी।

(4) विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली कक्षा–12 की प्री–बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं जनवरी, 2026 के प्रथम सप्ताह में विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा आयोजित करायी जायेंगी।

Visit CollegeDekho

(5) विद्यालय स्तर पर आयोजित करायी जाने वाली कक्षा 10 एवं 12 की प्री–बोर्ड लिखित परीक्षाएं जनवरी, 2026 के द्वितीय सप्ताह में तथा कक्षा–09 एवं 11 की वार्षिक परीक्षाएं जनवरी, 2026 के अन्तिम सप्ताह व फरवरी, 2026 के प्रथम सप्ताह में विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा आयोजित करायी जायेंगी।

(भगवती सिह)
सचिव

पृ0सं0 : मा0शि0प0/सिस्टम सेल/1090(1-7) दिनांकः 16/12/2025

उक्त विज्ञप्ति की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि इस विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों के मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

2– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा, अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

3– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

4– शिक्षा निदेशक (मा0) एवं सभापति, मा0शि0प0, शिविर कार्यालय, लखनऊ।

5– संयुक्त शिक्षा निदेशक/उप शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित है कि वे अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षकों को उक्तानुसार कार्यवाही हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित कर दें।

6– जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

7– अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षे0का0 मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि विज्ञप्ति का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के साथ–साथ उपर्युक्त कार्यक्रमानुसार अपने परिक्षेत्र की प्रयोगात्मक परीक्षा की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें।

16/12/25
(भगवती सिह)
सचिव

Visit CollegeDekho